# माइ स्कूल के बारे में

***माइ स्कूल*** **वेबसाईट** 9,500 **से भी अधिक आस्ट्रेलियाई स्कूलों का विवरण प्रदान करती है। इन्हें स्कूल के ठिकाने, सेक्टर या नाम से खोजा जा सकता है।**

**वेबसाईट प्रत्येक स्कूल के बारे में सांख्यिकीय व प्रासंगिक जानकारी के साथ-साथ नैशनल असेस्मन्ट प्रोग्राम - लिटरसी ऐन्ड न्यूमरेसी** (NAPLAN) **के परिणाम उपलब्ध करती है। इस जानकारी की तुलना समूचे आस्ट्रेलिया में सांख्यिकीय रूप से समान पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को सेवा प्रदान कर रहे स्कूलों के परिणामों के साथ की जा सकती है। नैशनल असेस्मन्ट प्रोग्राम के बारे में जानकारी** NAPLAN **वेबसाईट पर पाई जा सकती है (**www.nap.edu.au **देखें)।**

***माइ स्कूल*** **का प्रबंधन आस्ट्रेलियन करिकलम, असेस्मन्ट ऐन्ड रिपोर्टिंग अथॉरिटी (**ACARA) **द्वारा किया जाता है।** ACARA **आस्ट्रेलियाई सरकार का वैधानिक प्राधिकरण है जो आस्ट्रेलियाई स्कूलों के आँकड़ों का संग्रह और प्रतिवेदन करने, साक्षरता और गणता के राष्ट्रव्यापी आंकलन का प्रबंधन करने, और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए उत्तरदायी है।**

***माइ स्कूल*** **वेबसाईट सभी को आस्ट्रेलियाई स्कूलों के बारे में और अधिक जानने और आस्ट्रेलियाई स्कूलों को एक दूसरे से और सीख पाने का अवसर प्रदान करती है। यह उत्कृष्ट आँकड़ों के समूह से युक्त है जिसे शिक्षक, स्कूल, माता-पिता और व्यापक समाज अन्य जानकारी के साथ-साथ प्रयोग कर सकते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हर कक्षा में हर विद्यार्थी को उच्च कोटि की शिक्षा मिल पाए।**

## *माइ स्कूल* साईट का प्रयोग

**खास तौर पर, *माइ स्कूल* पर जाने वाले आगंतुक प्रत्येक स्कूल के छात्र समुदाय,** NAPLAN **में विद्यार्थियों की औसतन उपलब्धि, समय के साथ विद्यार्थियों की प्रगति के संकेत, और साथ ही स्कूल के वित्तीय आँकड़ों के बारे में जानकारी, जो समस्त आस्ट्रेलियाई स्कूलों से तुलनीय है, पा सकने की आशा कर सकते हैं । अन्य महत्वपूर्ण आँकड़ें, जैसे कि उपस्थिति की दरें और हर स्कूल में स्टाफ़ संख्या, भी उपलब्ध हैं।**

**सांख्यिकीय रूप से समान पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को सेवा प्रदान कर रहे स्कूलों की पहचान करने के लिए वेबसाईट विद्यार्थी और स्कूल की विशिष्टताओं का एक सूचकांक प्रयोग करती है, जिसे ईनडेक्स ऑफ कम्यूनिटी सोश्यो-ईकनामिक ऐड्वैन्टिज (**ICSEA) **कहा जाता है। प्रत्येक स्कूल के** ICSEA **मूल्यांक को निश्चित करने कि लिए, स्कूल के नामांकन आँकड़ों से साथ-साथ, अभिभावकों के व्यवसाय और शिक्षा संबंधी जानकारी का प्रयोग किया जाता है। यह मूल्यांक स्कूल के विद्यार्थियों के औसत शैक्षणिक श्रेष्ठता स्तर को दर्शाता है।**

ICSEA **राष्ट्रीय परीक्षणों में छात्रों के परिणामों को उचित एवं अर्थपूर्ण तरीके से समझने और तुलना करने में सहायता करता है। यह उन स्कूलों को, जो अपनी उपलब्धियों को विकसित करना चाहते हैं, सांख्यिकीय रूप से समान आबादी वाले अन्य स्कूलों से सीख लेने में मदद करता है।**

**स्कूल, शिक्षक, अभिभावक और समुदाय इन आशय से *माइ स्कूल* पर दी गई जानकारी का प्रयोग कर सकते हैं** :-

- **राष्ट्रीय स्तर पर एक समान सूचकों का प्रयोग करते हुए किसी भी स्कूल के बारे में जानकारी पाने के लिए**
- **किसी भी स्कूल के छात्रों की उपलब्धि की तुलना सांख्यिकीय रूप से समान पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को सेवा प्रदान कर रहे स्कूलों की औसत उपलब्धि के साथ और आस्ट्रेलिया के सभी स्कूलों के साथ करने के लिए**
- **उच्च प्रदर्शन कर रहे स्कूलों, जिनमें वे स्कूल सम्मिलित हैं जिनमें सार्थक छात्र प्रगति देखी गई है, की पहचान और उनके बारे में ज्ञान प्रात्त करने के लिए**
- **किसी स्थानीय समुदाय के स्कूलों की उपलब्धिओं को मोटे तौर पर समझ पाने के लिए**

***माइ स्कूल*** **पर जाने वाले आगंतुक वेबसाईट पर पाँच मेन्यू आईटमों के जरिए मार्गनिर्देशन कर सकते हैं**:-

- **स्कूल प्रोफाइल**
- **स्कूल फाइनैन्स**
- NAPLAN
- **स्कूल में** VET
- **लोकल स्कूल**

## स्कूल प्रोफाइल्स

**प्रत्येक स्कूल का एक प्रोफाइल (प्रालेख) पृष्ठ है जिसमें ये सम्मिलित हैं -**

- **स्कूल का संक्षिप्त विवरण**
- **स्कूल तथ्य जिनमें स्कूल के सेक्टर, प्रकार और कुल नामांकन सम्मिलित हैं**
- **शिक्षण व ग़ैर-शिक्षण स्टाफ़ की संख्या**
- **स्कूल की वित्तीय जानकारी का सारांश**
- **स्कूल की वेबसाईट का लिंक और, जहाँ लागू हो, स्कूल सेक्टर या सिस्टम, जिसका स्कूल हिस्सा है, की वेबसाईट का लिंक**
- **विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि का स्कूल-स्तरीय आँकड़ा**
- **ईनडेक्स ऑफ कम्यूनिटी सोश्यो-ईकनामिक ऐड्वैन्टिज (**ICSEA) **पर स्कूल का मूल्यांक**
- **विद्यार्थियों के नामांकन और उपस्थिति**
- **सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के परिणाम**
- **व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (**VET) **कोर्सों, स्कूल में स्थित अप्रेन्टस्शिप व प्रशिक्षण के लिये आर्थिक सहायता में छात्रों की नामांकन संख्या का सारांश।**

## स्कूल फाइनैन्सेस

**प्रत्येक स्कूल के वित्तीय आँकड़ें प्रदर्शित किए जाते हैं। इन आँकड़ों में आवर्ती आय - स्कूल को चलाने के लिए उपलब्ध आय - के साथ-साथ प्रत्येक सूचित कैलेण्डर वर्ष में संपति पर किया गए व्यय सम्मिलित हैं। वित्तीय प्रतिवेदन के व्यौरेवार स्पष्टीकरण वेबसाईट के 'मोर इन्फ़ार्मेशन' पृष्ठ पर रिसोर्स लिस्ट में** PDF **फॉर्मेट में उपलब्ध हैं।**

## NAPLAN के परिणाम

NAPLAN **पाँच विभन्न वर्गों में समान राष्ट्रीय परीक्षा के द्वारा छात्रों को परखता है। ये वर्ग हैं -**

- **पठन**
- **लेखन**
- **वर्तन**
- **व्याकरण और विरामादि चिह्न**
- **गणता।**

**आस्ट्रेलिया के समस्त सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों के** 3,5,7 **और** 9 **श्रेणियों के सभी छात्र** NAPLAN **परीक्षा में बैठते हैं।**

**वेबसाईट प्रत्येक वर्ग में प्रत्येक श्रेणी के** NAPLAN **आँकड़ों को मुहैया करती है।** NAPLAN **परीक्षण के हर वर्ष के आँकड़ें उपलब्ध हैं।**

**किसी भी चयनित स्कूल, सांख्यिकीय रूप से समान पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को सेवा प्रदान कर रहे स्कूलों और समस्त आस्ट्रेलियाई स्कूलों के** NAPLAN **परिणाम उपलब्ध किए जाते हैं। जो** NAPLAN **परीक्षा में एक ही स्कूल से दो बार बैठे हों और जिनके दो श्रेणियों के परिणाम उपलब्ध हों उन छात्रों की प्रगति का विश्लेषण भी उपलब्ध किया जाता है।**

## स्कूलों में VET

**वेबसाईट उन स्कूलों में जहाँ छात्र** VET **कोर्स कर रहे हों, कोर्सों में नामांकन की संख्या और छात्रों द्वारा अर्जित योग्यताओं को, योग्यता-स्तर और (यदि उपलब्ध हो तो) उद्योग-क्षेत्रों में वर्गीकृत करके दिखाती है।**

## लोकल स्कूल

**किसी भी चयनित स्कूल से** 80 **किलोमीटर के भीतर स्थित** 20 **स्कूलों तक की सूची देखी जा सकती है। आगंतुको को वेबसाईट का प्रयोग करने में सुविधा देने के लिए दिखाए गए स्कूलों के प्रोफाइल पृष्ठ को ले जाने वाले लिंक भी दिए गए हैं। मैपिंग साधन के द्वारा प्रयोक्ता किसी भी स्कूल की लोकेशन को उस क्षेत्र के अन्य स्कूलों के साथ-साथ देख सकता है।**